दैनिक
प्रातः कालीन
हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
# क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO- UPBIL/2021/83001

हिंदी अंग्रेजी दैनिक समाचार पत्र
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच को आवश्यकता है उत्तर प्रदेश . उत्तराखंड मध्य प्रदेश ,दिल्ली ,बिहार पंजाब छतीसगढ़ राजस्थान आदि सभी राज्यों से रिपोर्टर,जिला ब्यूरो विज्ञापन प्रतिनिधि की
बिना किसी सिक्यूरिटी के
KNLS Live
सम्पर्क करे-9027776991
न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में
न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दम में

वर्ष :- 02 अंक :- 337 मुरादाबाद, 08 April 2023 (Saturday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार बनाएं प्रधानमंत्री, आजमगढ़ में अमित शाह ने फूंका चुनावी बिगुल



गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आजमगढ़ में लोकसभा चुनाव का बिगुल फूंक दिया।नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने विपक्ष पर हमला बोला। जनता से 2024 में नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। वर्ष 2024 में नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। आजमगढ़ समेत यूपी की सभी लोकसभा सीटों पर कमल खिलाना है। ये आह्वान गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को आजमगढ़ में किया। इसके साथ ही उन्होंने आजमगढ़ से पूर्वांचल में चुनावी बिगुल फूंक दिया। नामदारपुर में जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने जमकर विपक्ष पर निशाना साधा। कहा कि मैं पहले भी कई बार आजमगढ़ आ चुका हूं। पहले यहां पर रात में बिजली नहीं रहती थी। लेकिन जब से भाजपा सरकार आई है। लोगों को 24 घंटे बिजली मिल रही है। यूपी का एक भी गांव नहीं जहां बिजली न पहुंची हो। अमित शाह ने आजमगढ़ के बारे में बोलते हुए कहा कि कभी संगीत के लिए मशहूर इस शहर को सपा-बसपा ने बदनाम करने का काम किया है। यूपी में बीजेपी की सरकार से संगीत महाविद्यालय की शुरुआत करके वापस उस गौरव को दिलाने का काम किया है। गृहमंत्री ने कहा कि मैं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को बधाई देना चाहता हूं। जिस आजमगढ़ को पूरे देश में आतंक के केंद्र के रूप में जाना जाता था। आज 'हरिहर घराने' को सम्मान देने के काम किया गया है। उनके सम्मान में संगीत महाविद्यालय की नींव रखने का काम यहां हुआ है।

### यूपी में अब नहीं होता दंगा

विरोधियों पर निशाना साधते हुए अमित शाह ने कहा कि सपा और बसपा ने अपने कार्यकाल में आजगमढ़ की छवि खराब करने का काम किया था। आज योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आजमगढ़ को वापस उसका सम्मान मिला है। सपा और बसपा के कार्यकाल में यूपी की पहचान दंगा के लिए होती थी। लेकिन जब से यूपी में योगी आदित्यनाथ की सरकार बनी है। उन्होंने एक भी दंगा नहीं होने दिया। उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर चल पड़ा है। आजमगढ़ विकास की नई पहचान बना है। आजमगढ़ कभी अपने संगीत के लिए जाना जाता था, आज संगीत को सम्मान देते हुए इस महाविद्यालय का शिलान्यास हुआ है। जिसके नाम में ही हरि और हर वह अपने आप में संपूर्ण होता है। इससे पहले गृहमंत्री अमित शाह और सीएम योगी ने नामदारपुर में 4583 करोड़ की 117 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया।

### विकास के रास्ते पर उत्तर प्रदेश

जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ऋषि-मुनियों, स्वतंत्रता सेनानियों और साहित्यकारों की इस धरती पर मैं गृहमंत्री अमित शाह की स्वागत करता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया में एक नया आयाम पेश किया है। प्रधानमंत्री और गृहमंत्री शाह के मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले यहां के नौजवानों के सामने पहचान का संकट खड़ा हो गया था। जब वे बाहर जाते थे तो अपनी पहचान छिपाने के लिए मजबूर होते थे। कारण यह था कि नाम बताने पर होटल में कमरे नहीं मिलते थे। लेकिन अब स्थिति बदल गई है। पीएम मोदी ने एक भारत श्रेष्ठ भारत के निर्माण के सपने को साकार किया है। अजमगढ़ की पहचान बदली है। हमने कभी यहां का विकास नहीं रुकने दिया।

## संक्रमण में तेजी पर मंडाविया ने राज्यों से सतर्क और तैयार रहने को कहा; हॉटस्पॉट की पहचान के निर्देश




राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रमुख एवं अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ आभासी रूप से आयोजित बैठक में मंडाविया ने जीनोम सीक्वेंसिंग को बढ़ाने और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करने पर भी जोर दिया। देश में कोरोना संक्रमण के मामलों में लगातार बढ़ोतरी हो रही है। कोरोना वायरस के बढ़ते मामलों के बीच केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने शुक्रवार को एक समीक्षा बैठक की और राज्यों को सतर्क रहने और कोविड-19 प्रबंधन के लिए तैयार रहने की सलाह दी। राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों और प्रमुख एवं अतिरिक्त मुख्य सचिवों के साथ आभासी रूप से आयोजित बैठक में मंडाविया ने इन्फ्लूएंजा जैसी बीमारी (ILI) और गंभीर तीव्र श्वसन संक्रमण (SARI) के मामलों की निगरानी के द्वारा आपातकालीन हॉटस्पॉट की पहचान करने और परीक्षण एवं टीकाकरण में तेजी लाने और अस्पताल के बुनियादी ढांचे की तैयारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। जीनोम सीक्वेंसिंग को बढ़ाने और सकारात्मक नमूनों के पूरे जीनोम सीक्वेंसिंग को बढ़ाने के साथ-साथ उन्होंने कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन करने के बारे में जागरूकता पैदा करने पर भी जोर दिया। मंडाविया ने कहा कि केंद्र और राज्यों को सहयोगात्मक भावना से काम करना जारी रखने की जरूरत है, जैसा कि पिछली बार कोविड-19 की रोकथाम और प्रबंधन के दौरान किया गया था।10-11 अप्रैल को मॉक ड्रिल के निर्देश उन्होंने राज्य के स्वास्थ्य मंत्रियों से 10 और 11 अप्रैल को सभी अस्पतालों के बुनियादी ढांचे का मॉक ड्रिल करने और आठ और नौ अप्रैल को जिला प्रशासन और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ स्वास्थ्य तैयारियों की समीक्षा करने का भी आग्रह किया।

### WHO कोरोना के एक वैरिएंट पर बारीकी से नजर रख रहा

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को आगे सूचित किया गया कि वर्तमान में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) कोरोना के एक वैरिएंट पर बारीकी से नजर रख रहा है। डब्ल्यूएचओ XBB.1.5 और छह अन्य वेरिएंट (BQ.1, BA.2.75, CH.1.1, XBB, XBF औरU XBBĐ 1.16) की निगरानी कर रहा है। साथ ही इस बात पर प्रकाश डाला गया कि जहां ओमिक्रॉन और इसकी उप-वंशावली प्रमुख वैरिएंट बनी हुई है, वहीं अधिकांश वैरिएंट में बहुत कम या कोई महत्वपूर्ण संप्रेषणीयता (Transmissibilit4), रोग की गंभीरता या प्रतिरक्षा बचाव नहीं है। XBB.1.16 का प्रचलन फरवरी में 21.6 प्रतिशत से बढ़कर मार्च 2023 में 35.8 प्रतिशत हो गया है। हालांकि, अस्पताल में भर्ती होने या मृत्यु दर में वृद्धि का कोई सबूत सामने नहीं आया है।

### 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में परीक्षण औसत से कम

स्वास्थ्य मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, बैठक के दौरान यह देखा गया कि 23 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 10 लाख के औसत पर परीक्षण राष्ट्रीय औसत से कम थे।मंडाविया ने कहा कि नए वेरिएंट के बावजूद, टेस्ट-ट्रैक-ट्रीट-टीकाकरण और कोविड-उपयुक्त व्यवहार का पालन की पांच गुना रणनीति कोविड प्रबंधन के लिए जांची-परखी रणनीति बनी हुई है। उन्होंने कहा कि इससे उचित सार्वजनिक स्वास्थ्य के उपाय करने में मदद मिलेगी। राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को बताया गया कि देश में कोविड-19 मामलों में लगातार वृद्धि देखी जा रही है। सात अप्रैल को समाप्त सप्ताह में औसत दैनिक मामले 17 मार्च को समाप्त सप्ताह में 571 से बढ़कर 4,188 हो गए हैं और सात अप्रैल को समाप्त सप्ताह में साप्ताहिक सकारात्मकता 3.02 प्रतिशत तक हो गई है। यह भी बताया गया कि जहां भारत ने प्राथमिक टीकाकरण का 90 प्रतिशत से अधिक कवरेज हासिल कर लिया है, वहीं एहतियाती खुराक का कवरेज बहुत कम है।

### टीकाकरण में तेजी लाने की सलाह

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को सभी पात्र आबादी, विशेष रूप से बुजुर्गों और कमजोर जनसंख्या समूह के टीकाकरण में तेजी लाने की सलाह दी।मंडाविया ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करने का अनुरोध किया। अस्पताल के बुनियादी ढांचे में सुधार सहित कोविड प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं पर व्यापक और विस्तृत चर्चा हुई।

### इन राज्यों की स्थिति चिंताजनक


दिल्ली, केरल, महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के सबसे अधिक जिले रेड अलर्ट में हैं। दिल्ली के 11 में से नौ जिलों में सबसे अधिक संक्रमण है, दिल्ली के एक छोर पर गुरुग्राम-फरीदाबाद तो वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर में एक समान स्थिति देखने को मिल रही है। इन तीनों जिलों में संक्रमण दर क्रमशः 12.84, 12.06 और 11.72 फीसदी है।

### नए स्वरूप का बर्ताव पता लगा पाना फिलहाल मुश्किल

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मांडविया कोरोना के बढ़ते मामलों को लेकर कहा कि सरकार इस पर लगातार नजर बनाए हुए है और राज्यों को एडवाइजरी भी जारी कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के लगातार नए वैरिएंट सामने आ रहे हैं, जो चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस के वैरिएंट और सब वैरिएंट्स के मामलों की स्टडी की जा रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि अभी तक जो मामले सामने आए हैं, उन्हें खतरनाक नहीं कहा जा सकता है। हालांकि, उन्होंने ये भी कहा कि कोरोना मामलों में उछाल को देखते हुए सावधानी बरतनी होगी। उन्होंने कहा कि कोरोना का नया वेरिएंट कैसा बर्ताव करेगा, इसके बारे में फिलहाल कुछ कहना मुश्किल है।

## गुवाहाटी पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, माउंट कंचनजंगा अभियान-2023 को दिखाई हरी झंडी



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, हमारे समाज में प्रकृति की संस्कृति एक दूसरे से जुड़ी रही है। हमारी परंपरा में हाथी यानि गजराज सबसे अधिक सम्मानित रहे हैं। पूजा में सबसे पहले गजानंद की पूजा सबसे पहले होती है। उन्होंने कहा, हाथी को हमारे देश में समृद्धि का प्रतीक भी माना गया है। हाथी को हमारे देश में नेशनल हैरिटेज एनिमल का स्थान दिया गया है... राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को गुवाहाटी में माउंट कंचनजंगा अभियान-2023 को हरी झंडी दिखाई। वहीं तीन दिवसीय दौरे पर असम पहुंचीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार सुबह कहा कि अगर गहराई से विचार किया जाए तो, यह स्पष्ट होता है कि जो कार्य प्रकृति और पशु-पक्षियों के लिए हितकारी है, वह मानवता के भी हित में है। धरती माता के हित में भी है। हाथियों के संरक्षण से सभी देशवासियों को लाभ होगा। साथ ही क्लाइमेंट की चुनौतियों का सामना करने में भी सहायक सिद्ध होंगे। ऐसे प्रयासों में सरकार के साथ-साथ समाज की भी भागीदारी है। प्रकृति और मानवता के बीच एक बहुत पवित्र रिश्ता है। यह रिश्ता ग्रामीणों और आदिवासी समाज में आज भी दिखाई देती है। वह शुक्रवार को असम में गजराज महोत्सव-2023 का उद्घटन समारोह में बोल रही थीं। उन्होंने कहा, भारत सरकार द्वारा प्रायोजित प्रोजेक्ट एलिफेंट के तीस वर्ष पूरे हो रहे हैं। गजोत्सव-23 का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। हाथियों की सुक्षा करना, उनके प्राकृतिक आवास को बनाए रखना और एलिफेंट कॉरिडोर को बाधा रहित रखना इस प्रोजेक्ट के मुख्य उद्देश्य हैं। साथ ही मानव और हाथी के बीच संघर्ष से जुड़ीं समस्याओं का समाधान करना इस प्रोजेक्ट का लक्ष्य भी है और चुनौती भी है। ये सभी उद्देश्य एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। मानव और हाथियों का संघर्ष सदियों से एक मुद्दा बना हुआ है। उन्होंने कहा प्रचीन कवि त्रिपुरारी पाल के लेख का उल्लेख करते हुए कहा, उन्होंने लिखा है कि हाथियों को बंधन में बांधकर मानव को अपने को बुद्धिमद्धता का गर्व नहीं करना चाहिए। यह तो हाथी का शांत और विनयशील स्वाभाव है कि वह बंधन को स्वीकार कर रहा है। अगर वह क्रोध में आकर अपनी विनयशीलता को छोड़ दे, तो वह सब कुछ तहस-नहस कर सकता है। उन्होंने हाथियों के संरक्षण के लिए बनी डाक्यूमेंट्री फिल्म का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा, हमारे समाज में प्रकृति की संस्कृति एक दूसरे से जुड़ी रही है। हमारी परंपरा में हाथी यानि गजराज सबसे अधिक सम्मानित रहे हैं। पूजा में सबसे पहले गजानंद की पूजा सबसे पहले होती है। उन्होंने कहा, हाथी को हमारे देश में समृद्धि का प्रतीक भी माना गया है। हाथी को हमारे देश में नेशनल हैरिटेज एनिमल का स्थान दिया गया है। हाथी की रक्षा करना हमारा दायित्व है। हाथी को बहुत बुद्धिमान और संवेदनशील माना जाता है। हाथी भी मनुष्य की तरह एक सामाजिक प्राणी है। वह परिवार के साथ और समूह में रहता है। अगर वह परिवार से बिछड़ जाता है, तो वह परेशान हो जाता है। अगर कोई हाथी अपने समूह से बिछड़ जाए तो कोशिश करें कि उसे उसके समूह से मिलवाएं। अगर संभव नहीं हो तो उसका पालन अपने बच्चों की तरह करें। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का बोकाखाट में राज्य के वरिष्ठ मंत्रियों और अधिकारियों ने राष्ट्रपति का स्वागत किया। यहां उन्होंने बागोरी रेंज में जीप सफारी की। अधिकारियों ने बताया कि असम दौरे के दूसरे दिन शुक्रवार सुबह काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान में जीप सफारी का आनंद लिया। साथ ही वह मिहिमुख प्वाइंट से पार्क के अंदर गईं। राष्ट्रपति की अगवानी के लिए राज्यापल गुलाब चंद कटारिया भी हवाई अड्डे पर मौजूद रहे। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने ट्वीट में लिखा, आदरणीया राष्ट्रपति जी, असम में आपका स्वागत है। आपकी गरिमामयी उपस्थिति और आशीर्वाद पाकर हम बहुत सम्मानित महसूस कर रहे हैं।


## संपादकीय Editorial

# Is this the fate of riots?

On May 3, 1987, there were fierce riots in Maliana of Meerut in western UP. What about riots, we call them 'massacres' because 68 innocent people were killed. Around 106 houses were burnt. Can any assessment of damage and death be made? Now after almost 36 years, the decision of the court has come, so all the 40 living accused have been declared 'acquitted'. Is it justice or irony or the destiny of riots, this is the result! If this decision is challenged in the higher court, how many more years will be wasted? We do not want to compare the old riots of Maliana or Hashimpura with the recent communal violence in West Bengal, Bihar, Maharashtra, Gujarat. Can't even be compared. Violence and riots continued for 3-4 days in Howrah, Hooghly in Bengal and Sasaram, Nalanda etc. in Bihar. The burning can be felt even today. This is a matter of grave concern.

Questions also arise that why do Bengal and Bihar start burning on the occasion of Ram Navami Shobha Yatra, Hanuman Jayanti and similar Hindu festivals? Such religious events are an important aspect of Indian life. Muslims also take out a procession on Muharram, Tajiya. The constitution has given this religious freedom to everyone. UP has the largest population of 20 per cent Muslims, but it has become an almost riot-free state. Both Hindus and Muslims are citizens of India and both have equal fundamental rights. Then why did Bengal Chief Minister Mamata Banerjee ask whether Ram had asked to bring weapons? This is an insult to Hindu God and beliefs. Does Mamata believe that the Hindu population was armed and instigated the violence on the occasion of Ram Navami procession? If the central forces bring goons from outside and cause riots, then it is the responsibility of Mamta government to mark such rioters and put them in jail. Governor CV Anand Bose had to visit the riot-affected area on the road. The Governor has said in two words that strict action will be taken against the culprits, but the Governor does not have any such constitutional, criminal authority, because the Chief Minister has the executive powers of law and order. Only the Chief Minister can take any decision on the riots and the circumstances after that. The police are bound to follow it. The question is also whether Hindus kept fighting with Hindus, killing them, burning public property by pelting stones and arson? Did Hindus attack Muslims with bombs, guns and stones? Is that why Mamta gave the statement of Lord Ram? Since Chief Minister Mamata Banerjee has to send reports to the Union Home Ministry and the Calcutta High Court, precise clarifications of these questions have to be given. On the other hand, Bihar has been burning continuously. Burning, burning and bleeding Bihar is a shining example of Chief Minister Nitish Kumar's 'good governance'.

## Malaika's pain spilled over being considered 'sexy bombshell', said – no one takes you seriously



Actress Malaika Arora remains in discussion about her real life more than her reel life. The actress recently talked about her Bollywood career during an interview. The actress recalled being seen as a 'sexy bombshell'. She also told how it bothers her what people think about her. In a recent interview to a news portal, Malaika said that no one takes you seriously when you are considered a sexy bombshell. . And that's what people thought about him for the longest time. According to her, it bothered her how people used to think of her as just a 'great body' and a 'pretty face'. Malaika revealed that she wanted to break away from this image and worked on herself to do so. Elaborating further, she said that confidence was never an issue for her. If there's one thing she has in abundance, it's confidence. Today she feels calm and sensible, which she certainly wasn't when she was growing up. Malaika also recalled that she was constantly battling internal strife. According to her, she is a born hustler, and she will die a hustler. Malaika recently worked with Guru Randhawa in 'Tera Ki Khayal'. This song is sung by Guru Randhawa. He also wrote songs with Royal Mann. The song is composed by Sanjay and the video is directed by Bosco Leslie Martis. Talking about Malaika's personal life, the actress is in a relationship with Bollywood actor Arjun Kapoor. While the news about their marriage keeps doing rounds, there is no official confirmation regarding the same as of now.

## Yami Gautam took the blessings of 'Mahadev' with husband Aditya, fans were attracted to the beautiful pictures of the couple

Fans love the pairing of Yami and her husband Aditya Dhar. However, both prefer to keep their personal life very private. Now meanwhile, a new picture of Yami and her husband is becoming increasingly viral on social media. Bollywood's beautiful actress Yami Gautam is often in headlines for her pictures. Yami is a big name in the industry



today. The actress has given more than one hit films in her career. Yami's marriage has also been one of the famous marriages of the industry. Fans love the pairing of Yami and her husband Aditya Dhar. However, both prefer to keep their personal life very private. Now meanwhile, a new picture of Yami and her husband is becoming increasingly viral on social media. Actress seen engrossed in worship- Recently, a picture of actress Yami Gautam and her husband Aditya is becoming increasingly viral on social media, in which the couple is seen offering prayers to Mahadev. The actress has also shared these pictures on her Instagram account. Yami is also looking very happy with her husband Aditya



Dhar in these pictures. Significantly, Yami has visited the Shiva temples of Himachal with Aditya. Worshiping with husband Aditya- In this picture, Yami is seen completely engrossed in the devotion of Lord Shiva. Sharing this picture, Yami wrote in its caption, 'Whatever success and love I am getting, it is all because of my beloved Maa Durga and Lord Shiva. I feel really blessed! Love, gratitude and thanks to all. Fans are showering love fiercely on this picture of Yami. One user wrote, 'Looking like a great pair.' Another user wrote, 'Yami is looking very beautiful.' Nikal Ke Bhaga is creating a buzz on OTT these days. The audience has liked this film so much that it has left behind many legendary movies. Chor Nikal Ke Bhaga produced by Dinesh Vijan Production House is doing wonders globally on Netflix. It has entered the top 10 trending films in 61 countries.

## Fans were surprised to see Kiara Advani's airport look, asked- sweater in this heat?

Kiara Advani is one of the finest actress of Bollywood. He has made a place in the industry on the basis of his work. Kiara Advani dominates the social media. She often remains in the discussion about her looks. However, this time she has been trolled on social media due to her




look. Kiara was seen wearing a sweater- Actually, a video of Kiara is going viral on social media. It is clearly visible in this video that the actress is wearing a sweater. Users are also surprised to see him wearing a sweater in the Mumbai heat. This look of the actress is becoming quite viral on social media. This video is from Mumbai airport. Kiara was seen in a no makeup look - In the video, the actress is wearing a white shirt with blue jeans. Also wearing a green and white colored cardigan sweater. The hair of the actress is open during this time and she has not done any makeup. People are liking the look of the actress. Although people are asking a lot of questions about her wearing a sweater. Users trolled Kiara for wearing a sweater – one user wrote – Is it cold in Mumbai. At the same time another user wrote – Why are all of them wearing sweaters in this heat. Another user wrote - sweater? Why? It is not that cold inside Mumbai airport. It's burning hot in here. Kiara will be seen in this film- Let us tell you that Kiara Advani will soon be seen in the film RC 15 with South's superstar Ram Charan.

## Shahrukh Khan showered love on his disabled fan, fans said - King for a region

Shahrukh Khan is in discussion these days about his IPL cricket team Kolkata Knight Riders (KKR). As IPL has started, and Shahrukh's team is also performing in this game. Everyone knows that Shahrukh Khan is called Badshah. He has also proved many times, why he has millions of fans all over the world, why people believe him so much. Shah Rukh Khan talks to a fan - In fact, recently Shah Rukh Khan was seen interacting with a disabled fan at Eden Gardens after a match of his team Kolkata Knight Riders (KKR). A picture of the actor during that time is going viral on social media. In this picture, Shah Rukh Khan is seen talking to a man sitting on a wheelchair. He lovingly kissed his fan on the forehead and later clicked a picture




with him. Shahrukh's fans praised- After this picture and video of the actor went viral on social media, discussion is going on all around. Shahrukh's fans are constantly praising him. One fan wrote, Sir, there is only one heart, how many times will you win, while another user wrote – King for a region. Fans bless Harshul- Let us tell you that the name of this fan of Shahrukh is Harshul and this is not the first time that both of them have met, even before this the megastar had met him in the year 2018 and that moment was a lovely one. Sa video went viral on social media. Harshul is suffering from a disease called Cerebral Palsy, seeing which Harshul was showered with lots of love and blessings by fans on social media. Also many people called him a warrior and wished him good health. Shahrukh will soon be seen in the film Jawan - Let us tell you that Shahrukh will soon be seen in the film Jawan. South's famous actress Nayantara, Sanya Malhotra and Vijay Sethupathi will be seen with him in this film. Apart from Jawan, Shah Rukh will also be seen in Rajkumar Hirani's Danki.

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच
मुरादाबाद/आसपास
www.knlslive.com
08 April 2023


# दिल्ली हाईवे पर बदमाशों ने लूटी बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता की कार, छानबीन में जुटी पुलिस

मुरादाबाद- दिल्ली हाईवे पर गुरुवार देर रात बिजली विभाग के एक अधिशासी अभियंता की कार लूट कर बदमाश फरार हो गए। चालक की सूचना पर अज्ञात बदमाशों के खिलाफ अपहरण व लूट का मुकदमा दर्ज करते हुए पाकबड़ा पुलिस घटना की जांच में जुटी है। सम्भल में चन्दौसी स्थित डबल फाटक प्रेम नगर के रहने वाले मनोज कश्यप पुत्र राधेश्याम कश्यप के मुताबिक नोयडा में सेक्टर 46 बी2 मकान नंबर 1803 में रहने वाले सुनील कुमार पांडे बिजली विभाग में अधिशासी अभियंता के पद पर कार्यरत हैं। उनकी तैनाती सम्भल के चन्दौसी सब स्टेशन पर है। मनोज विद्युत विभाग के अधिशासी अभियंता का वाहन चालक है। गुरुवार को वह अधिशासी अभियंता को उनके घर नोयडा छोड़ने गया था। देर रात चालक कार लेकर नोयडा से वापस चन्दौसी रवाना हुआ। रात करीब एक बजे मनोज ने हापुड़ में गढ़मुक्तेश्वर टोल प्लाजा पार किया।

टोल से कुछ ही दूर आगे बढ़कर उसने कार रोकी। लघुशंका करने कार से उतरा। लघुशंका के बाद वापस कार की ओर बढ़ रहे मनोज को तीन अज्ञात लोगों ने रोका। फिर बदमाशों ने मनोज के मुंह पर रूमाल रख दी। रूमाल रखते ही मनोज बेहोश हो गया। देर रात मनोज जब वापस होश में लौटा, तो वह दिल्ली - बरेली हाइवे पर मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना क्षेत्र में गिंदौडा गांव के सामने पड़ा मिला। मनोज के मुताबिक बदमाशों ने कार के अलावा मनोज का मोबाइल फोन व उसकी जेब में रखे दो हजार रुपए लूट लिया।

सुबह करीब चार बजे पाकबड़ा थाने पहुंचे कार चालक मनोज ने पूरी घटना की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण व लूट का मुकदमा दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक पाकबड़ा मोहित चौधरी ने बताया कि घटना की जांच शुरू कर दी है।

# रमजान के तीसरे जुमे पर मस्जिदों में उमड़ी नमाजियों की भीड़, मुल्क व कौम की तरक्की की मांगी दुआ



मुरादाबाद- रमजान माह के तीसरे जुमे को शहर की सभी मस्जिदें नमाजियों से भरी रहीं। जामा मस्जिद में नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने नमाज अदा कराई और शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने दुआ कराई। नमाजियों ने मुल्क व कौम की तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने दुकानों से इफ्तार के सामान की खरीदारी की।शुक्रवार को माह-ए-रमजान का 15वां रोजा और तीसरा जुमा रहा। जुमे की नमाज पढ़ने के लिए जामा मस्जिद में नमाजियों ने सुबह से ही पहुंचना शुरू कर दिया। एक बजे तक मस्जिद पूरी तरह से भर गई। एक बजकर दस मिनट पर नायब शहर इमाम मुफ्ती सैय्यद फहद अली ने खुतबा पढ़ा और एक बजकर 20 मिनट पर जुमे की नमाज अदा कराई। इसके बाद शहर इमाम सैय्यद मासूम अली आजाद ने मुल्क और कौम की तरक्की के लिए दुआ कराई।

शहर इमाम ने कहा कि माहे रमजान का दूसरा मगफिरत का अशरा चल रहा है। इसलिए सभी मुसलमान ज्यादा से ज्यादा इबादत करें। इसके अलावा शहर की शाही मस्जिद, तख्त वाली मस्जिद, मस्जिद नीम वाली, बड़ी मस्जिद और मस्जिद जिया खां समेत अन्य मस्जिदों में भी जुमे की नमाज अदा की गई। नमाज के बाद रोजेदारों ने इफ्तारी की खरीदारी की। महिलाओं ने घरों में पकवान बनाए और दस्तरखान वसी किया।

## बाजारों में तेज हुई ईद की खरीदारी, देर रात तक गुलजार रहे बाजार

रमजान में खुदा की इबादत में मशगूल रहने वाले रोजेदार अब ईद की तैयारियों में जुट गए हैं। शहर से लेकर देहात तक सुबह से शाम तक बाजारों में खरीदारों की भीड़ रही। मुख्य बाजारों में देर रात तक चहल-पहल रही है।

इस बार ईद-उल-फितर का पर्व 22 या 23 अप्रैल को मनाया जाएगा। शुक्रवार को रमजान के 15वें रोजे पर सुबह से ही चौमुखा पुल, टाउन हॉल, बुध बाजार, बाजार गंज, जीएमडी रोड, ताड़ीखाना, मंडी चौक, गलशहीद बाजार, ईदगाह और करूला के बाजारों में खरीदारों की भीड़ रही। ईद के लिए बाजारों में देर रात तक खरीदारी हुई।

# रूट बदलकर चलेंगी आला हजरत एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें



मुरादाबाद- दिल्ली रेल मंडल के पालम-बिजवासन के बीच निर्माण कार्य के चलते मुरादाबाद से होकर जाने वाली आला हजरत समेत अन्य ट्रेनें रूट बदल कर चलेगी।दिल्ली रेल मंडल के पालम-बिजवासन के बीच होने वाले कार्यों का असर मुरादाबाद रूट की ट्रेनों के संचालन पर पड़ेगा। रेलवे ने 16 और 18 अप्रैल को 10 घंटे का ब्लॉक मंजूर किया गया है। जिसके चलते आला हजरत, पोरबंदर एक्सप्रेस समेत आठ ट्रेनें रूट बदलकर संचालित की जाएंगी। रेल विभाग के अनुसार पालम-बिजवासन के बीच रेल सुधार के लिए सुबह से शाम साढ़े सात बजे तक 10 घंटे का ब्लॉक लिया है। इसका असर मुरादाबाद से दिल्ली-राजस्थान और गुजरात जाने वाली ट्रेनों पर पड़ेगा। बरेली से भुज के बीच चलने वाली आला हजरत ट्रेन 15 से 18 अप्रैल तक गाजियाबाद, हजरत निजामुद्दीन से मथुरा, अलवर होकर चलेगी। जबकि पोरबंदर एक्सप्रेस (19270), हावड़ा-बीकानेर (12371) ट्रेन बदले मार्ग दिल्ली, रोहतक होकर चलेगी। न्यू जलपाई गुड़ी से उदयपुर (19602) को 17 अप्रैल को रेवाड़ी-गुड़गांव के बीच एक घंटा रोककर चलाया जाएगा।


# ग्रामीण क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे भारतीय मजदूर किसान यूनियन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष

प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- भारतीय मजदूर किसान यूनियन युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज पटेल उनके प्रतिनिधि मयंक पटेल एवं मंडल अध्यक्ष बरेली मंडल बरेली शनिवार से ग्रामीण क्षेत्र का दौरा करेंगे। बारिश से होने वाले नुकसान की भरपाई कराने के लिए ग्रामीण क्षेत्र की जनता से रू-ब-रू होकर उनको उन किसानों को जिनका इस बारिश से बड़ा नुकसान हुआ है।

उसके लिए प्रशासन से मुआवजा दिलाने के लिए उनकी हर संभव मदद करेंगे। किसानों को आने वाली हर समस्याओं पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश में हमेशा की तरह किसानों के हित में काम करने वाली भारतीय मजदूर किसान यूनियन संगठन ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के नेतृत्व मे एक बार फिर से जनता के बीच जाकर उनकी समस्याओं को जानने का जिम्मा उठाया है आज भी सरकार की तमाम प्रयासों से के बाद भी सरकार की योजनाएं व का लाभ मजदूर किसान लाचार तक नहीं पहुंच पा रहा है। जिसको लेकर भारतीय मजदूर किसान यूनियन शनिवार से दौरे पर रहेगा।यह जानकारी मीडिया प्रभारी देवेन्द्र पटेल ने दी है।

# यूपी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में खेलेंगे शहर के 19 खिलाड़ी, लखनऊ के साईं सेंटर में होगा आयोजन



मुरादाबाद- यूपी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में शहर के 19 खिलाड़ी विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करेंगे। नौ व 10 अप्रैल को लखनऊ के साईं सेंटर में चैम्पियनशिप का आयोजन किया गया है। लेकिन, इस प्रतियोगिता में एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से पंजीकृत खिलाड़ी ही प्रतिभाग कर सकेंगे। लखनऊ के साई सेंटर में होने वाली यूपी एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में बिना यूनिक आईडी कोई खिलाड़ी प्रतिभाग नहीं कर सकेगा। यह यूनिक आईडी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के पोर्टल पर पंजीकरण कराने के बाद प्राप्त होती है। एथलेटिक जिला सचिव बाबर अली ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी खिलाड़ियों को विशेष आईडी एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से मिल चुकी है। अन्य एथलीट को भी पोर्टल पर पंजीकरण कराने के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया ने प्रतियोगिताओं में हो रहे फर्जीवाड़े को रोकने के लिए यह नियम लागू किया है।

## प्रतियोगिता में शहर के ये खिलाड़ी होंगे शामिल

बालक वर्ग 100 मीटर में अंश व गुरप्रीत, 200 मीटर में यश तोमर व राजकुमार, 400 मीटर में कुणाल, 800 मीटर में अभिषेक पाल व दिव्यांक यादव, 3000 मीटर में विवेक, जेवलिन थ्रो में रितिक पवार व अंकित सैनी, 110 मीटर हर्डल में अभय सिंह, लांग जम्प में एकांत शर्मा व अनिकेत, ट्रिपल जम्प में अनन्त कुमार चैम्पियनशिप में प्रतिभाग करेंगे। जबकि बालिका वर्ग हैमर थ्रो में अनुष्का, लांग जम्प में सोनिया सिंह, 1500 मीटर दौड़ में विनीता, 3000 मीटर में कसक व 800 मीटर में अंजू प्रतिभाग करेंगी।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# गैंगस्टर दीपक का पता सत्यापित करने वाले सिपाही को भेजा जेल, घटना में लिप्त अन्य आरोपियों की तलाश जारी

मुरादाबाद- हरियाणा के गैंगस्टर दीपक पहल उर्फ बाक्सर का फर्जी पासपोर्ट बनाने में मददगार सिपाही को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। जबकि अगवानपुर में बैठकर फर्जी पासपोर्ट का खेल खेलने वाला सरगना फरार है। बुधवार देर रात पुलिस ने उसकी तलाश में छापेमारी की। परिजनों की मदद से छजलैट पुलिस सरगना तक पहुंचने की कोशिश में जुटी है। उसके पकड़े जाने के बाद ही मुरादाबाद में फर्जी पासपोर्ट बनाने के खेल का भंडाफोड़ हो सकेगा। पोर्ट बनवाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। प्रारंभिक जांच में पता चला कि फर्जी पते पर पासपोर्ट बनाने के खेल में छजलैट थाने में तैनात सिपाही अजीत सिंह भी संलिप्त है। एसएसपी ने तत्काल प्रभाव से आरोपी सिपाही को निलंबित करते हुए जांच के आदेश दिए। पूछताछ में सिपाही ने फर्जी पते पर गैंगस्टर का पासपोर्ट बनने के खेल का राजफाश किया। आरोपी सिपाही ने बताया कि फर्जी पासपोर्ट बनाने का मास्टर माइंड अगवानपुर में स्टेशन रोड निवासी महफूज आलम उर्फ भूरा है। खुद को अधिवक्ता बताने वाला महफूज आलम वर्षों से फर्जी पासपोर्ट बनाने के खेल में लिप्त है। महफूज के तार विदेश तक जुड़े हैं। महफूज खुद भी आए दिन विदेश यात्रा करता है। सिपाही की सूचना पर बुधवार देर रात करीब ड़ेढ़ बजे छजलैट पुलिस ने महफूज के घर पर छापेमारी की। वह मौके पर नहीं मिला। पूछताछ में परिजनों ने बताया कि महफूज प्रयागराज गया है। फर्जी पते पर पासपोर्ट बनाने के मामले में गैंगस्टर दीपक के साथ ही निलंबित सिपाही अजीत सिंह व सरगना महफूज आलम को भी पुलिस ने आरोपी बनाया है। आरोपी सिपाही की गिरफ्तारी करने के बाद गुरुवार को उसे कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया। बता दें कि हरियाणा के गैंगस्टर दीपक पहल ने छजलैट थाना क्षेत्र स्थित गोपालपुर नंगला नत्था उर्फ कोकरपुर के फर्जी पते से अपना पासपोर्ट बनवाया। पूरे प्रकरण पर एसपी ग्रामीण से जांच रिपोर्ट तलब की गई है। फर्जी पते पर पासपोर्ट बनाने के खेल में जो भी लिप्त होगा, उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। घटना में लिप्त अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। - हेमराज मीना, एसएसपी

# कृतिका कालेज में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस गया

प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- रिठौरा। कृतिका कालेज में शुक्रवार को विश्व स्वास्थ्य दिवस गया, जिसकी थीम सबके लिए स्वास्थ्य रखा गया। इस अवसर पर कालेज प्रबन्धन द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान धनवंतरी समक्ष दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर कालेज के चेयरमैन डा0 के0पी0 गंगवार ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के सम्बन्ध में अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि उत्तम स्वास्थ्य हमारे जीवन के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण है। मनुष्य का स्वास्थ्य उत्तम होने पर ही दीर्घायु प्राप्त करता है और उसे कोई रोग जल्द नहीं लगता है। इस अवसर पर कालेज के छात्र - छात्राओं ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में अपने विचार व्यक्त किए एवं




भाषणों से जागरूक किया। एवं नुक्कड़ नाटक का भी प्रदर्शन किया तथा छात्र-छात्राओं ने पोस्टर प्रतियोगिता में भाग लिया।

जिसमें प्रथम स्थान बी0एस0सी0 नर्सिंग द्वितीय वर्ष की छात्रा रश्मि गंगवार, द्वितीय स्थान पर ए0एन0एम0 प्रथम वर्ष की छात्रा शालिनी कश्यप तथा तृतीय स्थान पर डी0फार्मा प्रथम वर्ष का छात्र अनुराग ने प्राप्त किया। इस मौके पर कालेज के प्राचार्य अरविंद कुमार जांगिड ,भुवन गंगवार, कुमारी सरिता रौतेला, नीता वैद्य, सुषमा मौर्या, सोनम गंगवार, दिव्या, मयंक सक्सेना, कुमारी कंचन गंगवार, अभिषेक, नीरज कुमार, पवन कुमार पाण्डेय, वाजिद खाँ,रिजवान, राहुल रॉय, फरमान अली, कुमारी फरहत परवीन, कुमारी शिवानी कुमारी अनामिका गंगवार, रमेश गुर्जर, हिमांशु शर्मा, वैभव शर्मा, रवि वर्मा, रचित सोनी, आयुष सोनी आदि स्टाफ मौजूद रहा।

# रिठौरा में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामायण पाठ,विशाल शोभायात्रा निकाली गई



प्रदीप गुप्ता
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बरेली- रिठौरा।नगर पंचायत रिठौरा में हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में रामायण पाठ,विशाल शोभायात्रा निकाली गई। जगह-जगह भक्तों ने पुष्प वर्षा कर शोभा यात्रा का जोरदार स्वागत-सम्मान किया। भक्तों ने सवा कुन्तल का हलवा,तथा केक काटा गया।इस पुनीत कार्य में पण्डित अरविंद पाण्डेय, सुनील गुप्ता,अमन गुप्ता, महेश यादव, पंडित वीरेंद्र दत्त शुक्ला, राकेश मिश्रा,केवल कश्यप, सरजू सक्सेना,राजू सक्सेना,त्रिमल सिंह,अमित गुप्ता,साजन गुप्ता, रंजीत कश्यप,विजय कश्यप,शिवम गुप्ता, नरेन्द्र पाल, राजीव सक्सेना गोपाल वर्मा,केशव गुप्ता, लोकेश गुप्ता,बादल गुप्ता, विकास यादव सहित सैकड़ों बालाजी भक्त मौजूद रहे।

# दूध की डेयरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख की ठगी, रिपोर्ट

मुरादाबाद- नागफनी थाना क्षेत्र में एक महिला से दूध की डेयरी दिलाने के नाम पर ढाई लाख रुपये की ठगी कर ली गई। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी है। नागफनी थाना क्षेत्र में दौलतबाग वाल्मीकि नगर निवासी सविता के मुताबिक सिटी कोतवाली में बालाजी मंदिर निवासी शुभम गुप्ता ने उनके पति राजेंद्र कुमार को मदर डेयरी की एजेंसी दिलाने का वादा किया। दूध की डेयरी दिलाने के नाम पर आरोपी ने 2020 में पति से ढाई लाख रुपये लिये। लेकिन, आज तक दूध की एजेंसी नहीं मिली। उसके पति की मौत हो चुकी है। अब आरोपी पिता व उसका पुत्र पूरी रकम हड़पने पर आमादा हैं। महिला के मुताबिक कुछ दिनों पहले आरोपियों ने धमकी देते हुए उसे भगा दिया। पीड़िता के अनुसार शुभम और उसका पिता नितिन गुप्ता बालाजी मंदिर पर सुपर सॉफ्ट ड्रिंक का कारोबार करते हैं। प्रभारी निरीक्षक नागफनी जसपाल सिंह ग्वाल ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपी पिता-पुत्र के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करते हुए घटना की जांच शुरू कर दी गई है।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त

# रायल पब्लिक एकेडमी स्कूल का राजू आर्या ने किया उदघाटन



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा - मारहरा क्षेत्र के अन्तर्गत गांव मुहारा स्थित बने भव्य रॉयल पब्लिक एकेडमी स्कूल का उद्घाटन बड़ी धूमधाम से किया गया, सर्वप्रथम कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे भारतीय किसान यूनियन भानू के राष्ट्रीय संगठन मंत्री रंजीत कुमार उर्फ राजू आर्य ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया जिसके बाद फीता काटकर स्कूल का उद्घाटन किया गया। इस दौरान संबोधित करते हुए राजू आर्या ने कहा कि देश की उन्नति के लिए हर किसी के लिए शिक्षत? होना आवश्यक है,

क्योंकि अशिक्षित व्यक्ति कभी भी अपने अधिकारों को नहीं जान? पाता इसके चलते हर स्तर पर उसका शोषण किया जाता है, अशिक्षा एक अभिशाप है जिससे सम्पूर्ण जीवन व्यक्ति ग्रस्त रहता है इस अभिशाप को शिक्षा की ज्योति से समाप्त किया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है हमारे आस-पास जो लोग अशिक्षित होते हैं उन्हें शिक्षा के लिए प्रेरित करें एवं कलम की ताकत का एहसास कराएं, जब लोगों में शिक्षा को लेकर जागरूकता होगी तो वह स्कूलों का रुख करेंगे, साथ ही राजू आर्या ने स्कूल प्रबंधन की तारीफ करते हुए कहा कि मारहरा क्षेत्र पिछड़े क्षेत्र में अच्छी शिक्षा देने के उद्देश्य से स्कूल स्थापित किया है उसके लिए उनका आभार प्रकट करता हूं। इस अवसर पर विपिन कुमार प्रधान प्रदेश सचिव, सत्येंद्र नेताजी, प्रधान मनोज यादव ,कौशल यादव, श्याम बाबू यादव, राजवीर सिंह यादव, राहुल यादव, रामकुमार यादव, प्रवीण यादव, प्रधान पुत्तू यादव, बबलू यादव रजपुरा, मनोज कुमार, निमेष यादव, शिवम यादव, नीरज यादव, संदीप यादव अखिलेश यादव कोयला, रंग पाल सिंह, राजेश यादव, मोनू ठाकुर, सुनील कश्यप, पुष्पेंद्र यादव, राजकुमार सिंह, विनय यादव, योगेंद्र यादव, बबलू यादव, गजेंद्र सिंह, कौशलेंद्र यादव सहित सैकड़ों किसान उपस्थित थे।

# पहले रेल राज्यमंत्री के पुत्र समेत दो पर केस

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा - देश के पहले रेल राज्यमंत्री रोहनलाल चतुर्वेदी के पुत्र मनोज चतुर्वेदी सहित दो लोगों पर जमीन घोटाले का मुकदमा दर्ज हुआ है। लेखपाल की ओर से दर्ज कराए गए मुकदमे करीब 70 हेक्टेयर से अधिक जमीन में हेराफेरी कर इस जमीन को बेच दिया। तहसील सदर के लेखपाल राधेश्याम की ओर से कोतवाली नगर में दर्ज कराए मुकदमे कहा है कि सर्वोदय आश्रम ट्रस्ट के सर्वराकार रोहनलाल चतुर्वेदी के नाम वर्ष 1939 में 1189.28 एकड़ भूमि थी। वर्तमान में रोहनलाल चतुर्वेदी के पुत्र मनोज चतुर्वेदी के नाम 70.595 हेक्टेयर भूमि है। इसमें से काफी भूमि का विक्रय किया जा चुका है। डीएम अंकित कुमार अग्रवाल की ओर से तीन सदस्यीय गठन किया गया। सर्वोदय आश्रम ट्रस्ट की भूमि की अभिलेखीय जांच तहसील एटा से करायी गयी। शेष गाटों में भूलेखीय स्थिति की जांच अभिलेखागार में उपलब्ध दस्तावेजों तथा तहसील में उपलब्ध अभिलेखों की जांच की गई। सर्वोदय आश्रम एटा के नाम वर्तमान खतौनी में बतौर संक्रमणिय भूमिधर अंकित है, जबकि 1347फसली में सभी गाटे बंजर की श्रेणी में अंकित है। इसके पश्चात इन गाटों पर कोई चकबन्दी नहीं हुई। इससे स्पष्ट है कि सन् फसली 1347 के अंकित गाटा संख्या में ही स्वामित्व का फेर बदल किया गया है। जांच कमेटी को मिला कि 19 फरवरी1951 को निस्पादित एक डीड की छायाप्रति संलग्न मिली। इस डीड में रोहनलाल पुत्र ज्वालाप्रसाद की ओर से उक्त सारणी के सभी गाटो को डीड के माध्यम ट्रस्ट सर्वोदय आश्रम को दे दिया गया है। इससे स्पष्ट है कि प्रथम पृष्ठ में ही भूमि को बंजर मानते हुए 60 एकड़ भूमि ट्रस्ट को दी गयी। बंजर में अंकित थी तो रोहनलाल चतुर्वेदी को किस प्रकार इस भूमि का ट्रस्ट में अन्तरण का अधिकार प्राप्त हुआ। इसका उपलब्ध अभिलेखों में कोई आदेश अंकित नहीं है। कूंचा में बिक्री की गई जमीन भी अवैधएटा। नॉन जेडए गाटा संख्या 1035 में रोहनलाल चतुर्वेदी के वारिस के तौर पर मनोज चतुर्वेदी की ओर से भूमि के जो मोहल्ला तिवारियान चतुर्वेदी कम्पाउण्ड, पटियाली गेट एटा में स्थित है के बैनामा किये गये। शहर में आबादी के तौर पर दर्ज है तथा नॉन जेडए भूमि के रूप मे दर्ज है। अत इस भूमि का बैनामा विधि विरूद्ध है। पहले रेल राज्यमंत्री के पुत्र समेत दो पर केस नरेंद्र और मनोज चतुर्वेदी पर ये है आरोप एटा। मनोज चतुर्वेदी तथा उनके दिव्यंगत पिता की ओर से एटा में स्थित उपरोक्त भूमियों जोकि गांवसभा/बंजर की थी। अवैध कब्जा कर कृषि कार्य कर रहे थे। अपने अधिकृत मंत्री नरेन्द्र देव उपाध्याय पुत्र बहोरीलाल उपाध्याय निवासी सुनहरी नगर की ओर से उक्त सरकारी भूमि का बैनामा करवाया। इस अपराध में मनोज चतुर्वेदी व नरेन्द्र देव उपाध्याय पूर्णत दोषी है। उक्त सरकारी भूमि पर अवैध क्रय-विक्रय करने के सम्बन्ध में को नोटिस दिया गया। नोटिस के पश्चात् तथा न्यायालय एएसडीएम के आदेशोंपरान्त भी उक्त व्यक्तियों की ओर सरकारी भूमि से अपना अवैध अध्यासन नहीं हटाया गया। विक्रय पत्रों में विक्रेता सर्वोदय आश्रम एटा की ओर अधिकृत प्रतिनिधि एवं मन्त्री नरेन्द्र देव उपाध्याय की ओर सम्पत्ति का अंतरण किया गया है। नरेन्द्र देव उपाध्याय को ट्रस्ट का अधिकृत प्रतिनिधि/मन्त्री नियुक्त किये जाने सम्बन्धी कोई पुष्ट अभिलेख प्रस्तुत नहीं किया गया है। विक्रय पत्रों के साथ जो तथाकथित प्राधिकार पत्र उपलब्ध है, वह स्वयं नरेन्द्र देव उपाध्याय की ओर से जारी 20 मार्च 2023 संस्था सर्वोदय आश्रम के प्रबन्ध समिति की बैठक की कार्रवाई प्रबन्धकारिणी समिति की सत्य प्रतिलिपि है। यह मामला धारा 420, 447, 465, 467, 468, 471, 120बी, 34 एवं सार्वजनकि सम्पत्ति नुकशान अधिनियम की धारा दो, तीन के तहत कोतवाली नगर थाने में अभियोग पंजीकृत कराया है।

# दरोगा का बाजार में मारपीट करने का वीडियो वायरल- निलंबित

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा - दरोगा का बाजार में मारपीट करने का वीडियो वायरल- निलंबित। कासगंज,थाना सोरों के अन्तर्गत एक उपनिरीक्षक द्वारा एक युवक की सरे बाजार वीडियो वायरल होने पर पुलिस प्रशासन ने गम्भीरता से लिया और पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित द्वारा उपनिरीक्षक को निलंबित किया जाना बताया जाता है अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दुबे के अनुसार पुलिस



प्रशासन घटना की जांच के बाद उचित कार्यवाही किए जाने की प्रक्रिया को अमल में लायगा। जानकारों के अनुसार युवक मन्द बुद्धि बताया जाता है जिसने किसी के उकसाने पर दरोगा से अभद्रता कर दी और आक्रोश में आकर दरोगा ने उसके साथ मारपीट कर दी। चोरी के माल सहित पांच गिरफ्तार- चार फरार। थाना गंजडुंडवारा के अन्तर्गत वादी राकेश कुमार पुत्र निरंजन लाल निवासी गांधी रोड थाना व कस्बा गंजडुंडवारा ने पुलिस को सूचना दी कि एटा रोड स्थित गांव चोडियाई में मैं.राकेश टुबैको स्टोर से 60 बोरी तम्बाकू गायब और ताले टूटे पड़े हुए थे , घटना की जानकारी पर पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित ने अपर पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र दुबे के पर्यवेक्षण में गंजडुंडवारा पुलिस द्वारा मुखबिर की खास सूचना पर पांच अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया जिनके नाम निम्न बताए जाते हैं 1. विनोद कुमार पुत्र तोता राम निवासी ग्राम नगला बलदेव सिंह थाना पटियाली 2. प्रेम पाल पुत्र सोनपाल निवासी उपरोक्त ,3. राम सिंह पुत्र ब्रजेश कुमार निवासी ग्राम मझोला थाना पटियाली कासगंज 4. अंकित पुत्र सत्यपाल निवासी उपरोक्त 5. सतेन्द्र पुत्र रामसिंह निवासी नगला पत्नी को एक मैक्स पिकप गाड़ी एक छोटा हाथी एक ट्रे क्टर पावर ट्रेक एक कम्प्यूटर धर्म कांटा 50 बोरी तम्बाकू सहित क्षेत्राधिकारी पटियाली आर के तिवारी के नेतृत्व में पटियाली पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर लिया जबकि चार अभियुक्त भागने में सफल रहे बताए जाते हैं जिनके नाम शिवम् उर्फ सहदेव पुत्र यादराम यादव निवासी छोटी जलाली थाना जैथरा एटा 2.लोकेन्द यादव पुत्र शिवराम निवासी उद ई थाना हसायन , हाथरस पता हाल मौ.बुन्दू खां , सिकंदरा राऊ 4.मामा उर्फ अवधेश पुत्र नामालूम निवासी मौत.खिन्नीकस्बा व थाना पटियाली एवं बबलू पुत्र तेज राम निवासी साडलपुर थाना अलीगंज एटा बताए जाते हैं- डॉ विनय शौनक कासगंज।

# 300 ग्राम नाजायज चरस के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार

अरविन्द कुमार यादव
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे प्रभावी नियंत्रण के संबंध में दिए गए आदेश व निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव व क्षेत्राधिकारी इकौना श्री संतोष कुमार के कुशल निर्देशन में व प्रभारी निरीक्षक संतोष कुमार तिवारी थाना इकौना जनपद श्रावस्ती के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर अभियुक्त अभिषेक सिह उर्फ नटवर पुत्र बैजनाथ सिह



ह्/श भयापुरवा थाना भिनगा जनपद श्रावस्ती को वहदग्राम भिनगा बाईपास इकौना के पास गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से 300 ग्राम,नाजायज चरस( कीमत लगभग रू0 90,000 )बरामद किया गया।अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्यवाही किया गया।

# सड़क क्षतिग्रस्त होने से आवागमन बाधित



प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती - जनपद के विकास खंड जमुनहा अंर्तगत नानपारा गिरंट मार्ग से ग्राम चमारनपुरवा , बभनपुरवा , पासियनपुरवा , बरगदही , सुबरातीपुरवा व लम्बुईया चौराहा होते हुए छेदीपुरवा तक जाने वाला मार्ग अभी तक गड्ढा मुक्त नहीं बन पाया है। सड़क काफी छतिगस्त है मार्ग पर गड्ढे ही गड्ढे नजर आ रहे। आज भी बदहाल सड़क लोगों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई हैं। लेकिन श्रावस्ती जिले में इस ओर रोड की तरफ ध्यान नहीं दिया जा रहा । ऐ मार्ग पोलिंग स्टेशन बभनपुरवा बरगदही देवरनिया रामपुर बस्ती आदि सहित दर्जनों गांवों को जोड़ता है । जनता ने विधायक श्रावस्ती तथा शासन व जिला प्रशासन से इस रोड को गड्ढा मुक्त कराते हुए सड़क बिधिवत नव निर्माण कराने की अपील की है । इस जनोपयोगी महत्वपूर्ण मार्ग के निर्माण / मरम्मत कराने हेतु युवा नेता सलीम खां , अज्जू खां , ग्राम प्रधान जाकिर खां , इरफान अली , सुफियान , समाज सेवी मुन्ना खां , भीखूराम मौर्य , फूलचंद्र बर्मा , मनोज यादव , शोभा राम त्रिपाठी , संदीप कुमार त्रिपाठी , कुलदीप त्रिपाठी , राजू मिश्रा , चिंता राम मिश्रा तथा बाबा राम दूलारे यादव आदि ने विधायक श्रावस्ती तथा शासन एवं जिला प्रशासन से मांग की है ।

# नगर निगम चुनाव 2023 के लेकर पुलिस अधीक्षक इकौना मतदान स्थल का किया निरीक्षण

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
श्रावस्ती -श्रावस्ती आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ने कस्बा इकौना का भ्रमण कर मतदान केंद्रों को चेक किया तथा कस्बा इकौना में फ्लैग मार्च भी किया आगामी नगर निकाय निर्वाचन 2023 के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक सुश्री प्राची सिंह द्वारा थाना इकौना के कस्बा इकौना अंतर्गत पड़ने वाले क्रिटिकल/वेनरेबल मतदान स्थल/मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया तथा जनमानस को सुरक्षा का एहसास दिलाया गया साथ ही साथ जनमानस से वार्तालाप



किया गया और मतदान के दिन निर्भीक होकर शत प्रतिशत मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। भ्रमण के दौरान कैम्पर्स मार्टियस एकेडमी, कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय बेचू बाबा चौराहा, केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय व ब्लॉक इकौना पहुंचकर वहां बनने वाले मतदेय स्थलों के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। तत्पश्चात भारी संख्या में पुलिस बल के साथ कस्बा इकौना में फ्लैग मार्च किया गया। इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक प्रवीण कुमार यादव, क्षेत्राधिकारी इकौना श्री संतोष कुमार, प्रभारी निरीक्षक इकौना सहित अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# जालंधर लोकसभा उपचुनाव में बीजेपी बहुमत से जीत दर्ज करेगी : एडवोकेट के.जी.शर्मा

सत पाल सोनी
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
लुधियाना - प्रदेश की आम जनता भारतीय जनता पार्टी की देश हित की नीतियों का समर्थन करते हुए जालंधर में होने वाले लोकसभा उपचुनाव और प्रदेश में आने वाले म्युनिसिपल कारपोरेशन चुनावों में भारतीय जनता पार्टी को भारी बहुमत से जीत दिलाएगी। यह बात बीजेपी लीगल सैल लुधियाना के जिला कन्वीनर एडवोकेट के.जी.शर्मा ने बीजेपी लीगल सैल जिला लुधियाना की ओर से भारतीय जनता पार्टी स्थापना दिवस के अवसर पर कही।



डिस्ट्रिक्ट कोर्टस काम्प्लेक्स लुधियाना में आयोजित स्थापना दिवस के संबंध में आयोजित कार्यक्रम के दौरान भारी संख्या में वकीलों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर एडवोकेट के.जी शर्मा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी का इतिहास भारतीय जनसंघ से जुड़ा हैऔर 21 अक्टूबर 1951 को दिल्ली में जनसंघ की स्थापना हुई थी और भारतीय जनता पार्टी का गठन 6 अप्रैल 1980 को हुआ। इस संबंध में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता देश के कोने कोने में बीजेपी का 44वां स्थापना दिवस मना रहे है। इस मौके पर एडवोकेट बलविंदर राय और एडवोकेट नितिन शर्मा ने कहा कि बीजेपी के कार्यकर्ताओं के लिएराष्ट्र हित ही सर्वोपरि है। बीजेपी का मूल मंत्र सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास है। इस मौके पर एडवोकेट विधि सूद एडवोकेट नवीन शर्मा, एडवोकेट बलविंदर राय, एडवोकेट ललित शर्मा, एडवोकेट नितिन शर्मा, एडवोकेट सुरेश कपूर, एडवोकेट जेपी मिश्रा, एडवोकेट कनव शर्मा, एडवोकेट एडवोकेट रजिंदर शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित थे।

# ग्राम पचपेड़ा में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव



योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच
एटा - मारहरा कस्बा के गांव पचपेड़ा मे धूमधाम से मनाया गया भगवान हनुमान जी का जन्म उत्सव इसमें सुबह अखंड रामायण का पाठ कर और भंडारे का आयोजन किया गया 4/3/2023 को को सुबह से अखंड रामायण पाठ का आयोजन प्रारंभ हुआ और 6/3/2023 को आयोजन समाप्त हुआ और उसके बाद हवन किया गया शाम 3-00 बजे से भंडारे का प्रसाद वितरण किया गया जो शाम देर रात तक चलता रहा अखंड रामायण के पाठ में गांव की और आसपास क्षेत्र की श्रद्धालुओ की भीड़ का जनसैलाब उमड़ता रहा और भंडारे में हनुमान जी के मुखारविंद से हनुमान जन्म उत्सव पर श्रद्धालुओं ने ठुमके भी लगाए और प्रसाद भी ग्रहण करते रहे

इसमें मुख्य रूप से राजकुमार उपाध्याय राजवीर दीक्षित दिनेश चंद्र उपाध्याय बह्मदेव उपाध्याय रामभरोसे भारद्वाज गौरीशंकर उपाध्याय डॉ दयानंद सारस्वत दुष्यन्त सारस्वत मुखिया रमेश चंद्र उपाध्याय नवीन उपाध्याय सुबोध कुमार उपाध्याय सुनील उपाध्याय रजनेश दीक्षित हप्पू एवम् समस्त ग्राम वासी